श्री राम नारायण : हम पागल हैं अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिये। हमारे लक्ष्य की प्राप्ति हो उस के पीछे हम पागल हैं। और हमारा लक्ष्य क्या है इस के लिये तो फिर कभी संसद् सदस्यों की गोष्ठी हो तो उस में विचार विनिमय किया जाय। मगर एक बात मैं बता देना चाहता हूं कि बहुत से लोग जो अपनी भारतीय पद्धति के बारे में कुछ यहां पर बोल गये, आयुर्वेद के बारे में बोल गये और यह बोल जाते हैं कि हम पीछे जा रहे हैं। अब एक तरफ दुनिया मंगल गृह पर जा रही है और हम पीछे जा रहे हैं। मैं उन से कहना चाहूंगा कि वह अपनी भारतीय संस्कृति को और भारतीय प्राचीन ग्रन्थों को, वेदों को, पुराणों को, उपनिषदों को पढ़ें। गृहों का जितना अच्छा विश्लेषण आप के यहां हैं उतना अच्छा विश्लेषण आप दुनिया में कहीं नहीं पायेंगे। समझ लीजिये कि आपके यहां जो लोग गृहों का निराकरण करने के लिये तमाम लोगों को इधर उधर से देखते हैं समझते हैं, वह क्या है। इन गृहों का सच्चा ज्ञान भारत ने सब से पहले दिया। इन गृहों की दूरी तक नापी, गृह कहां से कहां गये इसके बारे में बताया। ग्रहण के स्वरूप की कल्पना की। मगर यह लोग भूले हुए हैं। तो मैं इन के लिये खाली इतना बता देना चाहता हूं कि अगर मैं आयुर्वेद का नाम ले लूं, ब्रह्मचर्य का नाम ले लूं, अगर कोई ब्रह्मचारी रहे, उस वृत का पालन करे तो पागल हो ही नहीं सकता। मानसिक विकृतता आ ही नहीं सकती। अगर मानसिक विकृतता को दूर करना है तो आप निश्चत रूप से इस बात को मान लीजिये, योग पर बैठिये, साधना कीजिये, ध्यानावस्थित होइये।

रामायणके बारे में यहां बोल गये। पहले रामायण पढ़ो तो। राम राज्य के बारे में

[श्री राज नारायण]

बोल गए। उसे पढ़ो तो। जब विभीषण आये हैं राम के पास तो लोगों ने क्या कहा "जान न जाये निशाचर माया, कामरूप केहि कारण आया। महाराज यह निशाचर है इस को अपने दल में न लो, इस की माया जानी नहीं जा सकती। तो राम ने क्या कहा :

"सुनहु सखा कह कृपा निधाना,
जेहि जय होय सो स्यन्दन आना।"

जब विभीषण घबरा गया और कहने लगा :

"रावण रथी विरथ रघुवीरा,
देख विभीषण भयउ अधीरा।"

तब राम ने कहा :

"सुनहु सखा कह कृपा निधाना,
जेहि जय होय से स्यन्दन आना।"

"हे विभीषण, सुनो। जिस से जय होती है, वह रथ हमारे पास है।" क्या रथ है ?

सौरज, धीरज, तेहि रथ चाका,
सत्यशील दृढ़ध्वजा पताका,
बल विवेक दम-परहित घोड़े,
क्षमा दया, समता रजु जोड़।

अर्थात् हमारे रथ के चार घोड़े हैं : बल, विवेक, दम और परहित। स्वहित नहीं, परहित। बल के साथ विवेक, विवेकपूर्ण बल। विवेकहीन बल और सत्ताराक्षसी है। हम ने जो इमर्जेन्सी काल यहां काटा, वह राक्षसी काल था, वह विवेकहीन बल था।

आप महाभारत को पढ़ें और कृष्ण तथा गांधी की तुलना करें। हम संसद्-सदस्य हैं, मगर इतिहास के कालचक्र का ज्ञान हमें प्राप्त नहीं है। कृष्ण पैदा होते हैं जमुना के किनारे और मारे जाते हैं समुद्र के किनारे। गांधी पैदा होते हैं समुद्र के किनारे और मारे जाते हैं जमुना के किनारे। इन दोनों बातों का अध्ययन करना चाहिए। मैं केवल आप पर छोड़ दिया है।

कृष्ण ने कहा कि मैं तब इस दुनिया से जाऊंगा, जब यदुवंशियों का संहार करा दूंगा—अपने वंश का। उन का वंश बहुत ही ताकतवर और बलवान था। वह कहते थे कि अगर मैं नहीं रहूंगा, तो हमारे यदुवंशियों के पास इतनी सत्ता है कि वे किसी को रहने नहीं देंगे। इसलिये मैं पहले उन का संहार करा लूंगा। फिर उन्हों ने दुर्वासा मुनि को बुलवाया, शाप दिलवाया, और यदुवंशी आपस में लड़-कट कर मर गये।

कृष्ण को मारता है बाली नामक बहेलिया। राम ने मारा था बाली को। तो बाली नामक बहेलिये ने मारा कृष्ण को, अर्थात् राम को। इस बात को पकड़ लें। अगर मानसिक स्वस्थता हममें है, तो हम इस बात को क्यों नहीं पकड़ते ? गांधी ने 29 जनवरी, 1948 को एक लेख लिखा कि कांग्रेस को तोड़ दो। वह लेख पढ़िये। 30 जनवरी को वह लेख अखबारों में प्रकाशनार्थ दे दिया। तब बड़े बड़े नेताओं ने गांधी जी को मना किया कि अभी आप का लेख नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय आ गया है, तो जायेगा, समय आ गया है। उन्हों ने लेख को प्रकाशनार्थ अखबारों को दे दिया और प्रार्थना सभा में आने लगे। उसी सभा के बीच से एक हत्यारा उठता है, गांधी जी को रास्ते में घेरता है, पाकेट से पिस्तौल निकालता है और उन पर तीन वार करता है। गांधी जी खून से लथपथ होते हैं और प्राण-पखेरू उड़ जाता है। सादे वेश में तीस सिपाहियों की टोली पंडित जवाहरलाल नेहरू की सरकार के द्वारा वहां तैनात की गई थी वह तीस सिपाहियों की टोली कहां थी ? उस हत्यारे को एक माली के बेटे ने पकड़ा। जो फूलों की क्यारी में काम कर रहा था। उस ने कुदाल फेंक दिया और हत्यारे को पकड़ लिया।

मानसिक विकृतता सत्ता-लोलुपता से भी आ जाती है। इस का भी निवारण करना है। सत्ता-लोलुपता, सत्ता छीनने की लिप्सा, अभिलाषा आप लोक सभा में कल, परसों और नरसों के भाषणों को पढ़ लें। सब के पीछे उन्माद है। उस उन्माद को हम पलटते रहते हैं। आप समझिए कि मानसिक स्वस्थता और मानसिक विकृतता क्या है? इंटर्नल डजर के नाम पर अपने देश मे एमर्जेंसी को लागू कर दिया, यह मानसिक विकृतता के अन्दर आएगा या नहीं? मेरा यह सवाल है। उठ रहे हैं ये सवाल कि कोई दे जवाब। इस सवाल का जवाब होगा। यह भी एक मानसिक विकृतता है। यानी किस तरह से दिमाग खराब हुआ कि इस तरह की एमर्जेंसी आन्तरिक खतरे के नाम पर अपने देश में लग गई और श्री जय प्रकाश नारायण, जिन्होंने सन् 42 मे हजारी बाग जेल को लांघ कर क्रान्ति की बुझती हुई चिन्गारी मे अलग आग फूक दी थी, उन को भी पकड कर के बन्द कर दिया। मोरारजी भाई आज हमारे प्रधान मंत्री हैं उन को भी पकड़ कर के बन्द कर दिया। चौधरी चरण सिंह बीमारी की हालत में थे, उन के पांव की हड्डी बढी हुई थी, उन को भी पकड़ कर बन्द कर दिया। हम से सब लोग रातों रात बन्द कर दिए गए। ...(व्यवधान) .... हम तो हमेशा ही तन्दुरुस्त रहते हैं, हम रंगीले जवानों के लिए तो बहार ही बहार है। इस तरह से सब बातों को आप समझिए: आज जिन बातों को मैं यहां पर रख रहा हूं, मेरा प्रयत्न होगा कि इन के बारे में भी विचार हो, जब ज्वाइंट सेलेक्ट कमेटी में यह चीज जाय और इस पर भी सोच समझ कर कोई व्यवस्था हो। डा० सुशीला नायरजी के विधेयक में यह नहीं है और हम ने जो विधेयक रखा है वह उस से बहुत विकसित है, बाकार है मगर उस में भी इस की व्यवस्था नहीं है। एक मर्तबा एशियाटिक साइकिया-ट्रिस्टस कॉन्फ्रेंस थी, उस में वर्ल्ड के कई बड़े-बड़े डाक्टर आए थे, उन के सामने मैंने यही समस्या रख दी। मैंने कहा और मैं यह यहां सदन मे डिक्लेयर करके जाता हूं कि मैं मरूं तो मेरा दिमाग और मेरा पूरा का पूरा शरीर अस्पताल को दे दिया जाय। मेरा कोई परिवार नही। मेरा कोई रिश्तेदार नही, कोई घर नही, किसी से मेरा रिश्ता नहीं, यो सामाजिक दृष्टि से आप देखेंगे तो रिश्ते हो सकते है। बाकी हमारा कोई सबंध नही है। 1958 से इतने साल हम को अपना घर छोड़े हो गए। 58 बार हम कांग्रेस के राज में जेल गए। क्यो? 58 बार मैं जेल गया और 15 साल मैंने जेल मे गुजारे जब से भारत आजाद हुआ। क्यो? इस को भी खोजिए। इस मे भी कही मानस-विकृतता आती है या नही? इस के बारे में भी देखना चाहिए कि मै पागल था क्योंकि मै बराबर जेल जाता था, डडे खाता था, लात खाता था। आप देखिए, यह हमारे मित्र कामत साहब है, इन को देख कर मुझे बड़ी प्रसन्नता हो गई। इन्होंने देखी है, हमारी पुरानी दाढी कितनी खडी थी?

श्री हरि विष्णु कामत: शानदार थी।

श्री राज नारायण: 1956 के मार्च महीने मे काशी विश्वनाथ मंदिर मे हरिजनो का प्रवेश कराने मै गया और श्रीमती इंदिरा गांधी की पुलिस जबर्दस्ती मुझ को तीन फर्लांग दाढ़ी पकड कर खींच ले गई। सैकड़ों लोग जेल मे बन्द कर दिए गए। आज जो बहुत से लोग हरिजनो के नाम पर कोकोडाइल टीयर्स बहाते है, मैं उन से पूछता हूं कि वे कहां थे? यह मानसिक विकृतता की बात है या नही? मैं यह कहता हूं कि —

उछरने वाले अभी तक बाम से न उतरे,
और तड़पने वाले तड़प कर फलक को छू आए।।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद): मैंने अपनी दाढ़ी इसीलिये लम्बी नहीं रखी है ताकि कोई खींच न सके।

श्री राज नारायण : जी हां, आप उस को बढ़ाइये ।

तो इस के बारे में भी खोज होनी चाहिए कि मानसिक विकृतता यह है या नहीं। इन तमाम बातों को देखिए । सामाजिक विश्लेषण करते समय देखिए कि कौन किस समय किस दृष्टि से सामाजिक विश्लेषण करता है। उन दृष्टियों को देखिए । नाट लैस देन दर्जन बार तो मैं ने केवल हरिजनों के लिए जेल काटी है। उन के मकान के लिए, उन के खेत के लिए, उन के कुए के लिए, उन के पानी के लिए उन के साथ डंडा लेकर लड़ाई की है और हम तो बन गए, अब क्या बताए ?

नयी नयी बिटिया नये नय गीत ।
गा ले बिटिया भर भर गीत ।।

तो यह सब मानसिक विकृतता में आएगा या नहीं, इस पर भी विचार हो और गम्भीरता के साथ विचार हो । इसीलिए मैं माननीय सुशीला नायर जी से करबद्ध प्रार्थना करूंगा कि इस को वे वापस लें । वे उस कमेटी मे बैठें । जो कुछ भी कमी इस विधेयक में हो जो सरकार पेश कर रही है उस को देखें और उन के विधेयक से जो उस में और विकास हुआ है उस को देखें ।

मैं इस सबध मैं आप को और बातें बता देना चाहता हू ।

कुछ फीगर्स भी मैं आप को देना चाहता हू । मैं यह पढ़ रहा था, पहले मैं कोट करना नहीं चाहता था लेकिन चूकि कुछ लोग बोले इसलिए कोट कर रहा हू ·

Dr Glen Davidson, project co-ordinator, who is now in the city has, opined that the systematic approach and inherent features of Ayurveda will have an impact on the medical profession in America."

आयुर्वेद के बारे में उन्होने यह अपनी राय दी है । आगे वे कहते हैं .

"The S.I U. faculty has investigated medical systems in other parts of the world but have found Ayurveda to be the most systematic"

उन्होने कहा है कि आयुर्वेद जो है वह दुनिया मे सब से ज्यादा सिस्टेमेटिक है, यह हम ने पाया है । आयुर्वेद के द्वारा हम कहां तक पागलपन को दूर कर सकते हैं इस पर भी हम को सोचना पडेगा । मै त्यागी जी का जवाब दे रहा हू । डा० सुशीला नैयर को ही जवाब नहीं दे रहा हू । त्यागी जी ने कहा कि दवाओं की क्या व्यवस्था है, इलाज क्या है तो जैसा मैं ने कहा, हम इस के बारे में भी सोच रहे है । हमारा आयुर्वेद, हमारा यूनानी हमारा योग, हमारी प्राकृतिक चिकित्सा– यह सभी जो चीजे है यह पागलपन को दूर करने मे, विकृति को दूर करने मे, विक्षिप्तता को दूर करने मे और मानसिक स्वस्थता को लाने मे कहा तक कारगर होगी, इन बातो पर भी हम विचार कर रहे हैं । आप ऐसा मत सोचे कि उधर हमारी दृष्टि ही नहीं है

श्री हरि विष्णु कामत । क्या यह सही है कि आयुर्वेद पंचम वेद कहलाता है।

श्री राज नारायण : महाभारत पचम वद कहा जाता है, आयुर्वेद उपवेद है ।

आंध्र प्रदेश मे मेंटल हास्पिटल दो हैं, असम मे एक है, बिहार मे दो हैं, दिल्ली में दो हैं, गोवा मे 1 है, गुजरात में चार हैं, हरियाणा में एक भी नही है, जम्मू कश्मीर में दो हैं, केरल मैं तीन हैं, मध्य प्रदेश मे दो हैं, महाराष्ट्र में पाच हैं, मैसूर म दो हैं, उड़ीसा में एक है, पजाब में एक है, राजस्थान में दो हैं, तमिनाडू में एक है, उत्तर देश में तीन हैं और वेस्ट बगाल में चार हैं । इस प्रकार से देश में कुल 38 मेंटल हास्पिटल हैं ।

साइकियाट्रिक क्लिनिक्स जो हैं उनकी भी अलग-अलग फीगर्स मैं आपको दे देता

हू । आंध्र प्रदेश में दो, बिहार में दो, दिल्ली में चार, गुजरात में एक, हरियाणा में एक, जम्मू कश्मीर मे एक, केरल में एक, मध्य प्रदेश में एक, महाराष्ट्र मे एक, मैसूर मे दो, उडीसा मे दो, पजाब में एक, राजस्थान में एक भी नही है, तमिलनाडू मे दो, उत्तर प्रदेश म एक भी नही है और वेस्ट बगाल में पाच हैं ।

जैसा कि सम्मानित सदस्य ने कहा है, कुछ प्राइवेट लाग भी व्यवस्था करते है । जहा तक हमसे हो सकेगा, उनकी सहायता भी हम करेंगे । हम देखेंगे कि यह फूलें फलें और विकसित हो और रास्ते पर चले । अब में सदन का ज्यादा समय नही लेना चाहता, जल्दी-जल्दी बता देता हू ।

अब मैं आप का इस की भूमिका बतलाना चाहता हू—— डा० सुशीला नैयर के मानसिक स्वास्थ्य विधेयक, 1977 पर मैंने विभिन्न माननीय सदस्या, जिन मे डा० सुशीला नैयर भी सम्मिलित है, के विचार बड़े ध्यान से सुने । इस से पहले कि मै इस विधेयक पर टिप्पणी करू, मै सरकार के उन प्रयासो का सक्षिप्त म उल्लेख कर देना चाहूगा जा उस ने भारतीय पागलपन अधिनियम, 1912 का जा इस समय भारत में लागू है, बदलने के लिये किये । सरकार इस बात को समझती है कि भारतीय पागलपन अधिनियम, 1912 के उपबध, जो मुख्यत· यह सुनिश्चित करने के लिये थे कि किसी पागलखाने में जब किसी व्यक्ति को भर्ती किया जाय या रोका जाय, तो उसे कानूनी प्रक्रिया के द्वारा हो ऐसा किया जाय, अब पुराने पड गये हैं । मानसिक रुग्ण इन व्यक्तियो के प्रति अब समाज का रुख बहुत कुछ बदल चुका है और अब यह महसूस किया जाने लगा है कि इस बीमारी से कोई एप्रोबियम नहीं जोडा जाना चाहिये, क्योकि यह एक साध्य रोग है, खास कर यदि इस का प्रारम्भिक अवस्था में ही निदान हो जाय । इसी उद्देश्य को ध्यान म रखते हुए सरकार ने उस पुराने पड़ गये पागलपन अधिनियम को बदलने के लिए मानसिक स्वास्थ्य विधेयक का प्रारूप बनाना शुरू किया ।

28 सितम्बर, 1966 को केन्द्रीय मत्रिमडल ने ऐसा कानून बनाने के लिये एक स्थूल नीति अनुमोदित की । तथापि ऐसे एक विधेयक को वस्तुत पेश करने म विलम्ब हो गया, क्योकि यह सुनिश्चित करने के लिये कि इस विधेयक का प्रारूप पूर्णत. व्यापक हो और इस विषय पर नवीनतम अनुसधान के आधार पर इस में आधुनिक विचारणा की नवीनतम प्रवृत्ति प्रतिबिम्बित हो, इस विधेयक को सभी राज्य सरकारो/ केन्द्र शासित क्षेत्रो में परिपत्रित किया गया और इस विषय से सम्बन्धित सगठनो से भी सम्पर्क किया गया ताकि इन सब के विचार प्राप्त हो सकें । विभिन्न विकसित देशो में इस विषय से सम्बन्धित कानून की प्रतिलिपियां भी प्राप्त की गईं । यद्यपि कुछ राज्य सरकारो तथा केन्द्र शासित क्षेत्रो ने इस के पक्ष में अपने विचार व्यक्त किये, किन्तु अधिकाश किन्तु अधिकाश राज्य सरकारो आदि ने स्मरण पत्र भेजे जाने के बावजूद अपने विचार भेजने मे देर करदी। 1975 मे सरकार ने यह महसूस किया कि क्योकि इस मामले मे बिलम्ब हो गया है, इसलिए विधेयक के प्रारूप में इस विषय पर नवीनतम चिकित्सीय दृष्टिकाण प्रतिबिम्बित नही होता । फलत इस विधेयक का प्रारूप फिर से तैयार किया गया । अब सरकार के पास एक विधेयक है, जो भारत में व्याप्त स्थितियो के परिपेक्ष्य मे उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत हद तक एक नवीनतम प्रबन्ध है ।

जहां तक डा० सुशीला नैयर के मानसिक स्वास्थ्य विधेयक, 1977 का प्रश्न है, यह बतला देना प्रासगिक होगा कि यह विधेयक लगभग वैसा ही है, जैसा कि 1966 में जब डा० सुशीला नैयर केन्द्रीय स्वास्थ्य मत्री थी, सरकार द्वारा तैयार किया गया विधेयक था । तब से 1966 के इस सरकारी विधक

[श्री राज नारायण]

के बहुत से उपबंध विभिन्न राज्य सरकारों तथा केन्द्र शासित क्षेत्रों के अलावा मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र के विशेषज्ञों से प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर संशोधित हो चुके हैं। विधेयक की भाषा को भी विधि, न्याय और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के साथ अनेक बार परामर्श करने के परिणामस्वरूप कानूनी दृष्टि से अधिक स्वीकार्य बना दिया गया है। इन सामान्य सुधारों के अलावा हमारे विधेयक में कुछ अतिरिक्त उपबंध भी उपलब्ध हैं जो डा० सुशीला नैयर द्वारा प्रस्तुत किये गये इस विधेयक में शामिल नहीं है। ये उपबंध है—

धारा 19 इस धारा में मानसिक रूप से रुग्ण ऐसे व्यक्तियों की भर्ती करने की व्यवस्था है जो कतिपय विशेष परिस्थितियों में स्वयं भर्ती होने की अपनी इच्छा को व्यक्त न कर सकते हों।

धारा 46 : इस धारा में यह व्यवस्था है कि यदि इस अधिनियम के अधीन जारी किसी आदेश के अनुसरण में पागलखाने में भर्ती कोई मानसिक रोगी यह महसूस करे कि वह ठीक हो गया है तो वह अपनी छुट्टी के लिए आवेदन कर सकता है।

धारा 52 : इस धारा में किसी मजिस्ट्रेट के आदेशों के विरुद्ध जिला न्यायालय में अपील किए जा सकने की व्यवस्था है।

धारा 92 : इस धारा में यह निर्दिष्ट किया गया है कि किसी मानसिक-चिकित्सा अस्पताल आदि का मेडिकल अफसर इन्चार्ज अपनी संस्था में रखे गये हर मानसिक रोगी की मानसिक और शारीरिक दशा के बारे में अर्द्ध-वार्षिक रिपोर्ट देगा।

धारा 94 : इस धारा में कतिपय परिस्थितियों में राज्य के खर्च पर मानसिक रोगी को कानूनी सहायता दिए जाने की व्यवस्था है।

इस प्रकार यह देखा जा सकता है कि हमारे प्रस्तावित विधेयक की धारा 46, 52 और 94 मानसिक रुग्ण व्यक्तियों के प्रत्यक्ष हित में शामिल की गई है। विधेयक की धारा 19 इस अधिनियम के उपबंधों में कतिपय अन्तरों को दूर करने के उद्देश्य से शामिल की गई है। धारा 92 अस्पताल आदि में देख-रेख के लिए रखे गए मानसिक रुग्ण व्यक्तियों के हित में भी है। इन बातों को देखते हुए और यह देखते हुए कि मैंने अनेक बार इस सम्मानित सदन और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सलाहकार समिति को सूचित कर दिया है कि सरकार शीघ्र ही संसद् में मानसिक स्वास्थ्य विधेयक प्रस्तुत करने का विचार रखती है, गैर-सरकारी सदस्य डा० सुशीला नायर से अपना विधेयक वापिस लेने का पुनः अनुरोध करता हूं और सादर और साग्रह अनुरोध करता हूं कि वह अपना विधेयक वापस ले लें और जो सरकारी विधेयक हो, वह ज्वाइन्ट सेलेक्ट कमेटी में जाए और डा० सुशीला नायर अपनी सारी जानकारी, अपने सारे ज्ञान और अपनी सारी प्रतिभा ले कर उस कमेटी का सुशोभित करें और उस कोटी को सुशोभित कर के उस का एक सुन्दर स्वरूप दें और सम्मानित सदस्यों ने जो भाव यहां पर व्यक्त करे हैं, उन सभी भावों का उस में समावेश हो।

श्री हरि विष्णु कामत : कब तक वह विधेयक प्रस्तुत होगा ?

श्री राज नारायण : मैं तो चाहता हूं कि जल्द से जल्द इस सदन में आए और इसी सत्र में आ जाए। वह विधेयक बना हुआ है।

अब अगर डा० सुशीला नायर की कुछ हमारे में अविश्वास हो, तो मैं उन से कहीं

कहना चाहता हूं जैसा हनुमान जी ने श्रीर म से कहा था कि अगर मेरे मैं शक्ति हो, तो मे अपना पेट चीर कर दिखा दू और फिर आप देखेंगे कि हमारे हृदय मैं राम नाम अंकित होगा। वही मे डा० सुशीला नायर जी मे निवेदन करता हू कि वे अविश्वसनीय वातावरण मैं विचरण न करे। अविश्वसनीय वातावरण से विचरण करने से बुद्धी मैं मदता आनी है। इसलिए मे कर-बद्ध प्रार्थना करूगा, विनय के साथ प्रार्थना करूगा कि उन की इच्छा, उन की मशा जो कुछ वे अपने मत्री रहते हुए नही कर पाई उस को जनता पार्टी की सरकार पूरा करेगी और व्यापक रूप मे पूरा करेगी।

इन शब्दो के साथ पुन उन मे निवेदन करते हुए और इस सम्मानित सदन के सम्मानित सदस्यो से निवेदन करते हुए, मे चाहूगा कि सदन उन से कहे कि वे अपना विधेयक वापस ले लें और उस के स्थान पर एक सरकारी विधेयक व्यापक रूप मैं यहा पर प्रस्तुत हो और शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत हो। इस से न तो धरा घटेगी और न ही गगन फटेगा।

डा० सुशीला नायर (झांसी) मे सभी सम्मानीय सदस्यो की आभारी हू जिन्होंने इस विधेयक पर अपने विचार व्यक्त किये है और इस विधेयक का स्वागत किया है। श्रीमन् में माननीय स्वास्थ्य मत्री जी का अविश्वास नही करती, मे इस बात को स्वीकार करती हू कि उनके दिल मैं रोगियो के लिए कुछ करने की तमन्ना है। वह मानसिक रोगियो के लिए भी कुछ करना चाहते हैं और दूसरे रोगियों के लिए भी कुछ करना चाहते है। लेकिन में बडे अदब से कहना चाहती हू कि उन्ही की तरह मे भी इस सम्बन्ध मैं बाते करती थी। में जब स्वास्थ्य मत्री थी उस समय, जब दूसरे लोग इस प्रकार के बिल लाया करते थे, मे भी कहा करती थी कि इस सबंध में सरकार विधेयक ला रही है। यह बात नहीं है कि हमने उस समय बिल हीं बनाया था, हमने बिल तैयार किया था और यह जो बिल मेने इस सदन के सामने रखा है, यह वही बिल है जो स्वास्थ्य मत्री के रूप मैं मेंने तैयार करवाया था। हा, इसमैं कुछ विशेषज्ञो की सलाह से थोडा बहुत सुधार अवश्य किया है। हो सकता है कि स्वास्थ्य मत्री जी ने अपने बिल मै कुछ और जोडा हो। लेकिन श्रीमन् मे नम्रता से फिर कहना चाहती हू कि स्वास्थ्य मत्री जी के बिल मैं और मेरे बिल मैं बहुत बडा फर्क नही है। जो बिल मेने सदन मैं पेश किया है उसमैं मैंटल हास्पिटल्स और, मैन्टल नर्सिग होम्स की बात कही है और जो बिल मत्री जी लाये हैं उसमे साएकिएट्रिक होस्पिटल्स एड साएकिएट्रिक नर्सिंग होम्स के बारे मैं कहा गया है। अधिकतर सब बातें एक सी है। इसी प्रकार से दो चार धाराए मत्री जी ने और बढायी है। आपके बिल की करीब सभी धाराए मेरे बिल मैं मौजूद है। अब सवाल यह है कि आपका कहना है कि हम इसी सत्र मैं यह बिल लायेगे। लेकिन मेरा अपना निजी अनुभव है कि पूरी इच्छा होते हुए भी और पूरा परिश्रम करते हुए भी, मे पाच वर्ष तक बिल लोक सभा मै नही ला सकी। मुझको मानसिक स्वास्थ्य के बिल के लिए समय ही नही दिया गया। 1962 से 1967 तक हमने इस बिल को लाने का प्रयास किया था। 1975 तक यह बिल नही लाया गया। फिर इस पर पुनर्विचार किया गया। इस पर पुर्नविचार के बाद यह बिल हमारे सामने आया है, जिस पर कि आज आप विचार कर रहे है। मत्री जी इसे वापस लेने को कह रहे है।

मत्री महोदय से मेरा इतना ही निवेदन है कि जब वे इस प्रकार का बिल स्वीकार करने के लिए तैयार है, इस बिल की भावना से आप सहमत है तो मेरा कहना यह है कि बजाय इसके कि आप दूसरा बिल लाएं जिसके लिए आपको लोक सभा से समय मिले या न मिले, जब कि यह बिल लोक सभा

[डा० सुशील नायर]

के सामने है तो इसी बिल को प्रवर समिति के सामने आप क्यों नहीं रख देते ? आप इसमें जो छोटा-मोटा सुधार करना आवश्यक समझे वह प्रवर समिति द्वारा कर सकते हैं। इस बिल को मंत्री जी प्रवर समिति को भेजने की सहमति दें।

श्रीमन मे यह बिल प्रवर समिति के लिए पेश करती हू और स्वास्थ्य मंत्री जी से विनम्र निवेदन करती हू कि वे इस विधेयक को पास करने का समय लगाये नहीं। मानसिक रोग एक बहुत बडी समस्या है। मे अपने परिवार में मानसिक रोग को देख चुकी हू और मित्रो के यहा भी। इसी वजह से मेरे दिल में यह लगन है तडप है। मे जानती हू कि मानसिक रोगियो की क्या हालत होती है, उनका दाखिल कराने में कितनी कठिनाई होती है। अस्पताला में रोगियो की क्या हालत होती है, यह सब मे जानती हू। मे इस सम्बन्ध में अनुभव कर चुकी हू, देख चुकी हू। श्रीमन मंत्री महादय, बडे लगन वाले उदार व्यक्ति हैं। मैं उन से सहमत हू कि मानसिक रोगी केवल पत्थर फेंकने वाला पागल ही नही होता है। जिस प्रकार श्रीमती इदिरा गाधी ने गलत काम किये वह भी एक प्रकार की मानसिक विकृति ही थी। अंग्रेजी में इसे इमोशनल इनसिक्योरिटी कहते हैं। इमोशनली इनसिक्योर व्यक्ति को यह दिखाना होता है कि मे बहुत बडा हू, मेरे से बडा कोई नही है और वह अनेक प्रकार के गलत काम करता है। इस देश में एक मि० जिन्ना थे वो इसी प्रकार से मानसिक विकृति के शिकार थे और उनके कारण इस देश का विभाजन हुआ। इसी प्रकार की मानसिक विकृति वाले एक हिटलर थे जिस ने यूरोप मे खून की नदियां बहाई। मानसिक विकृति को शुरू में ही पकड लिया जाए, उसको दुरुस्त कर दिया जाए, यह अत्यन्त आवश्यक है। इस विषय में आयुर्वेद का भी स्थान है, यह मे अच्छी तरह से जानती हू।

मे स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहती हू कि हमारा जो शब्द है स्वास्थ्य वही सब से अच्छी डैफीनीशन है मानसिक हैल्थ की। स्व मतलब सैल्फ। स्थ अर्थात स्टेबलिटि स्थिरता जिस की अपने अन्दर स्थिरता है स्टेबिलिटी विदिन सैल्फ। यही मेंटल हैल्थ का सिक्रिट है। हमारा हिन्दी का शब्द स्वास्थ्य मेंटल हैल्थ की खूबसूरत डैफीनीशन है।

इससे आगे जा कर मैं कहना चाहती हूं कि बगलौर में एक मेंटल हैल्थ इस्टीटयूट है। वहा पर एक आयुर्वेद के विशेषज्ञ थे। उनके द्वारा हमने सिजोफेनिया वालो का ट्रीट्मेंट कराया था और वह इतना सफल हुआ था कि हम ने वहां पर पचास बैड उनके लिए कर दिए थे। ऐसे बहुत से किस्से है जिन का आप जानते हैं।

16 53 hrs

[SHRI DHIRENDRANATH BASU *in the Chair*]

जो विधेयक मैंने पेश किया है उस मे अस्पताला के अन्दर चिकित्सा, आउट डोर तरीके की चिकित्सा, क्लिनिक द्वारा चिकित्सा, स्वेच्छा से मरीज अस्पताल में जा सके और अस्पताल से निकल आए, मैजिस्ट्रेट के पास अपील इत्यादि करने की व्यवस्था सब चीज मौजूद है। मे स्वीकार करती हू कि मंत्री महोदय के पास जितने साधन है मेरे पास इस बिल को रिवाइज करने के, सुधारने के उतने साधन नही थे। मैंने जितने भी मेरे मित्र थे, विशेषज्ञ थे, उन से पूछ कर इस में सुधार जितना मैं कर सकती थी किए। अब इस में और भी जितने सुधार वह करना चाहते हैं बडी आसानी से प्रवर समिति के सामने आ कर वे कर सकते

हैं और दूसरे लोग भी अपने सुझाव उस समिति को दे सकते है । अगर इसको प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया गया तो इसका परिणाम यह होगा कि दो चार छ महीने मे यह बिल कानून बन जाएगा और अनेकानेक मानसिक रोगियों को राहत मिलेगी । अगर मंत्री महोदय इसको स्वीकार नही करेंगे, इसको वापिस लिए जाने का आग्रह करेंगे तो यह सारी प्रक्रिया लम्बी जाएगी । प्रभु जाने कब उनको वक्त मिलेगा । उनकी इच्छा रहते हुए भी काम इतना होता है लोक सभा में कि सभव नही हो पाता है कि सभी बिलो को लाया जा सके या पास करवाया जा सके ।

सभापति महोदय, मे आपकी आज्ञा से ये बीस नाम प्रवर समिति के लिए उनकी सेवा में पेश करना चाहती हू । डा० कर्ण सिंह, डा० सरदीश राय, श्री कृष्ण कान्त, डा० मुरली मनोहर जाशी, श्री हरि विष्णु कामत, श्रीमती मृणाल गोरे, श्री सी० के० चन्द्रप्पन

MR CHAIRMAN: The motion is for the consideration of the Bill.

DR SUSHILA NAYAR: I am saying that the Bill .

PROF P G MAVALANKAR (Gandhinagar): She is moving an amendment for sending it to the select committee.

DR. SUSHILA NAYAR: I am saying that the Bill which I have presented, may be agreed to by the hon. Health Minister and sent to Select Committee, consisting of the 20 names that I have given here, plus such names as may be given by the Rajya Sabha, so that the few small changes that have been made in the Government draft Bill which the Minister wants to present, can be incorporated in this very Bill. I read out the remaining names. They are: Prof. P. G. Mavalankar, Shri Saugata Roy, Shri Vasant Sathe, Shrimati Pramila Chavan, Shri Satyanarayana Rao, Shri Venkataraman, Dr. Bapu Kaldate, Dr. Ramji Singh, Prof. Dalip Chakravarty, Shri Ravindra Varma, Shri Shanti Bhushan, Shri Raj Narain and Dr. Sushila Nayar. These are the 20 names that I would suggest. I would request most humbly, most forcefully, with folded hands that the Health Minister may please accept this Bill in the interests of the suffering mentally sick people. He may please introduce such changes as he desires in this very Bill in the Select Committee, so that there is no chance of this matter being again put in cold storage I know the Health Minister will not wish to do it. मुझे विश्वास है कि वह इस काम को जल्दी कराना चाहते है। लेकिन होगा नही। मैं अपने अनुभव के आधार पर यह कह रही हू। मैंने पूरी ताकत लगा दी थी लेकिन पाच बरस मे यह बिल पास नही करा पाई। उन से भी नही होगा। मानसिक रोगियो के लिए यह बहुत दुख की बात है कि यह विधेयक फिर से खटाई में पड जाये। इसलिए अत्यन्त विनम्रता से मंत्री महोदय से पुन निवेदन है कि वह सिलेकट कमेटी के प्रस्ताव को स्वीकार कर ले और इस मे उन के अपने जो भी सुधार है, उन्हें शामिल कर लें ।

श्री राम बेली राम (पलामू) · सभापति महोदय, मेरा पायंट श्र फ आर्डर है । क्या किसी प्राइवेट मेम्बर को यह राइट है कि वह स्वयं सिलेक्ट कमेटी के मेम्बरो के नामे प्रोपोज करे ?

PROF. DILIP CHAKRAVARTY (Calcutta South): Mr. Chairman, so far as that point of order is concerned, I do not think anything precludes the hon. Member from suggesting certain names for consideration by the hon. Minister. It is the Minister who will finally suggest the names of Members. But nothing precludes a Member from suggesting some names for the consideration of the Minister.

श्री राज नारायण . सभापति महोदय, मैंने सविनय, सादर, साग्रह माननीया डा० सुशीला नायर से करबद्ध प्रार्थना की है कि वह इस साधु विधेयक को वापस ले लें, क्योंकि उनकी सारी मंशा को रखते हुए, और व्यापक दृष्टिकोण से, तमाम राज्यों के जो सम्मितियां आई है, उनका और तमाम विशेषज्ञों तथा विश्व के अनेक विद्वानों की सम्मतियों का समावेश करके सरकार ने एक विधेयक तैयार किया है। उस विधेयक को ला-डिपार्टमेंट और अन्य सम्बन्धित डिपार्टमेंट्स ने देख लिया है। वह विधेयक हम जल्दी से जल्दी लायेंगे। मालूम नही क्यों एक मामूली सी बात को समझा नही गया, जो डाक्टर की समझ मे आनी चाहिए, और वह है व्हील आफ हिस्ट्री—इतिहास चक्र।

एक जमाना था सुशीला जी के मन्त्रि-मंडल काल का। एक जमाना है हमारा। 1969 मे श्री नीलम सजीव रेड्डी को राष्ट्रपति पद के लिए तिकडम, साजिश और धोखे से हराया गया। लेकिन वही श्री नीलम सजीव रेड्डी आज राष्ट्रपति पद पर विराजमान हैं। 1969 मे श्री मोरारजी देसाई मन्त्रि-मंडल से साजिश, तिकडम और बेईमानी के द्वारा हटने के लिए मजबूर किये गये। मगर वही मोरारजी भाई देसाई आज भारत के प्रधान मन्त्री के पद पर आसीन है। यह है इतिहास का कालचक्र जो काम सुशीला जी स्वास्थ्य मन्त्री के रूप में नही कर पायी जनता पार्टी की सरकार उस काम को कर पाएगी, मैं उनको यह विश्वास दिलाता हू। इसलिए मैं फिर उनसे प्रार्थना करता हू कि वह इतिहास के काल-चक्र को समझते हुए अपने विधेयक को वापस लेने की अनुवार कृपा करें और सरकार के विधेयक लाने के अवसर का इतजार करे और अगर नही करे तो.. (व्यवधान)..

17.00 hrs.

प्रो० पी० जी० मावलंकर (गांधीनगर): मंत्री महोदय ने कहा कि लाएगे, तो कितनी जल्दी लाएगे यह बता दें।

श्री राज नारायण : जल्दी से जल्दी, त्वरित गति से, इसी सेशन में लाएंगे और उसको ज्वाइंट सेलेक्ट कमेटी में भेज देंगे। सुशीला जी उसमें विराजमान रहेंगी।

डा० सुशीला नायर : मुझे खेद है कि मन्त्री महोदय ने मेरी प्रार्थना स्वीकार नहीं की और वह नही करेंगे तो पार्टी के एक डिसिप्लिन्ड सदस्य के नाते मुझे विधेयक वापिस लेना पडेगा लेकिन मुझे खुशी इस मे बिलकुल नही है, इतना मैं कहना चाहती हू। मैं सदन की आज्ञा चाहती हू वापिस लेने की।

I beg leave of the House to withdraw the Bill to consolidate and amend the law relating to the treatment and care of mentally ill persons, to make better provision with respect to their property and affairs and for matters connected therewith or incidental thereto

MR. CHAIRMAN The question is:

"That leave be granted to withdraw the Bill to consolidate and amend the law relating to the treatment and care of mentally ill persons, to make better provision with respect to their property and affairs and for matters connected therewith or incidental thereto."

The motion was adopted

DR. SUSHILA NAYAR: I withdraw the Bill

The Bill was by leave, withdrawn.